तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 धूमधाम से मनाया गया भगवान सहस्त्रबाहु ...



12 सरायपाली में हुई आम आदमी पार्टी की बैठक



## खबर संक्षेप



### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मामला ग्राम बड़ेलोरम का है। पुलिस को नरसिंग नायक पिता आशाराम नायक (55 साल) ग्राम बडेलोरम ने बताया कि 29 अक्टूबर को घर के बाहर परछी में बैठकर अपनी पत्नी से बातचीत कर रहा था। शाम करीब 6.30 बजे उसका पारिवारिक रिश्तेदार रामप्रसाद वहां से गुजर रहा था, जिसने उसे देखकर पुरानी रंजिश एवं पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर आरोपी के पिता जगतु नायक एवं उसका भाई रामसिंग नायक भी वहां आ गये और तीनों एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी और लड़के बंशी नायक के साथ भी मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले ग्राम मेमरा के एक व्यक्ति के विरूद्ध पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि जगत राम रात्रे पिता गोपाल रात्रे निवासी मेमरा अपने घर की बाड़ी के पास लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त आरोपी के विरूद्ध धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# आपत्तिजनक बयान पर सिंधी समाज आक्रोशित, एफआईआर की मांग

## थाना पहुंचे समाजजन, कहा- भावनाएं हुई हैं आहत, हो कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अमित बघेल द्वारा दिए गए एक कथित आपत्तिजनक बयान से आक्रोशित सिंधी समाजजनों एवं पदाधिकारियों ने गुरुवार को थाना पहुंचकर आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही अमित बघेल के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन सौंपा है।

सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि अमित बघेल द्वारा विगत दिनों मीडिया को दिए एक बयान में सिंधी समाज और उनके पूजनीय ईष्ट देव सांई झूलेलाल के विरुद्ध आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि उन्होंने सिंधी समाज को अपमानित करते हुए सिंधी और पाकिस्तानी जैसे शब्दों का उपयोग किया। जिससे समाज की भावना पर गहरी आहत हुई हैं।

सिंधी समाज के अध्यक्ष मोहन मंगलानी, संरक्षक चोईथ राम राजपाल एवं परमानंद बजाज ने बताया कि उनके पूर्वजों ने अविभाजित भारत के सिंध प्रांत में निवास करते हुए देश के विभाजन की सबसे अधिक पीड़ा झेली है। उनका समाज आज भी सर्वधर्म समभाव की भावना रखते हुए शांतिपूर्वक ढंग से जीवन यापन कर रहा है और विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहता है।



### नगर में विरोध और मांग

नगर में सिंधी समाज के प्रमुख सदस्यों ने एकजुट होकर अमित बघेल के बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि अमित बघेल जैसे सामाजिक सद्भावना एवं शांति विरोधी मानसिकता वाले व्यक्ति के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) की धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो सिंधी समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसका संपूर्ण दायित्व प्रशासन का होगा।

## समस्या : तकनीकी और जागरूकता की कमी के कारण जिले के 5344 किसान पंजीयन से वंचित

# किसानों को दोहरी मार, एग्रीस्टैक पंजीयन की आज अंतिम तिथि, चक्रवाती तूफान से फसल कटाई ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में किसानों के लिए सरकारी योजनाओं के लाभ हेतु एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सहित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज है, लेकिन तकनीकी और जागरूकता की कमी के कारण जिले के 5344 किसान अब भी पंजीयन से वंचित हैं। जिले में 1 लाख 47 हजार 937 किसानों का डेटा सफलतापूर्वक कैरीफारवर्ड किया जा चुका है, जो एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन शेष किसानों का भविष्य अधर में लटका है।




नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में किसानों के डेटा को एग्रीस्टैक पोर्टल पर अपडेट करने और कैरीफॉरवर्ड करने का कार्य तेजी से चल रहा हैं। अब तक 1 लाख 47 हजार 937 किसानों का डेटा सफलतापूर्वक कैरीफॉरवर्ड या पंजीकृत हो चुका है। हालांकि, अभी भी 5344 किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। विभाग और जिला प्रशासन लगातार अपील कर रहा है कि किसान जल्द से जल्द अपना पंजीयन करा लें, क्योंकि आज, 31 अक्टूबर के बाद पोर्टल बंद हो जाएगा। वही एक तरफ जहां किसान डिजिटल दस्तावेज़ों की समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के असर ने उनकी परेशानी दोगुनी कर दी है।

### एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन अंतिम दिन आज, भटक रहे किसान : रश्मि



महासमुंद। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि दरअसल प्रदेश सरकार किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करना ही नहीं चाहती। जिले में ऐसे कई किसान है जिनका एक ही नाम से अलग-अलग गांवों व विकासखंडों में रकबा है। लेकिन, ऐसे किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में सभी रकबों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा जो किसान सरकारी जमीन लीज में लेकर खेती कर रहे हैं उन्हें भी एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होनें पंजीयन की व्यवस्था शिथिल करने के साथ पंजीयन तिथि बढ़ाए जाने की मांग की है।

### तकनीकी बाधाएं और किसानों की चिंता

पंजीयन की अंतिम तिथि आज होने और शेष किसानों की संख्या अधिक होने के पीछे गंभीर समस्याएँ बनी हुई हैं। किसानों की शिकायत है कि पोर्टल पर पंजीयन करते समय उन्हें तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि आधार ओटीपी का न आना, भूमि रिकॉर्ड की जानकारी का 80 प्रतिशत से कम मेल खाना, या दो अलग-अलग गाँवों में जमीन होने पर पंजीयन में परेशानी आना। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, खसरा बी-1 की जानकारी में त्रुटि या भिन्नता होने के कारण भी पंजीयन अटक रहा है।

### पंजीयन नहीं तो लाभ नहीं

चूंकि आज पंजीयन की अंतिम तिथि है, इसलिए शेष किसानों के पास अब केवल कुछ घंटों का समय बचा है। अगर ये किसान आज पंजीयन नहीं करा पाते हैं, तो वे आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से सीधे तौर पर बाहर हो सकते हैं। जिला प्रशासन को इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए पंजीयन की अवधि में तत्काल वृद्धि करने और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष पंजीयन शिविर लगाने की आवश्यकता है, ताकि कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न हो।

### चक्रवाती तूफान का कहर, फसल कटाई ठप

जिले में लगातार बदली और बूंदाबांदी का दौर जारी है। बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से खेतों में पककर तैयार धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश और तेज हवा से धान की फसल को भारी नुकसान होने की संभावना बनी हुई हैं। खेतों में पानी भरने से कटाई कार्य भी प्रभावित हो सकता है। दलहन-तिलहन फसलों को भी भारी क्षति होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, 31 अक्टूबर तक यही स्थिति बनी रहने की आशंका है। धान की बालियाँ टूटकर गिरने लगी हैं और दाने सड़ने की आशंका है।

## जोबाकला विवाद का समाधान शुरू, दो शिक्षकों की व्यवस्था के आदेश


हरिभूमि
जोबाकला में पालकों ने स्कूल में जड़ा ताला, टेंट लगाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

जोबाकला के जर्जर स्कूल भवन को लेकर पालकों द्वारा किए गए आंदोलन का असर अब दिखाई देने लगा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ने दो शिक्षकों की व्यवस्था के आदेश जारी किए हैं। फिलहाल, बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए ग्राम के सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत भवन और अतिरिक्त कक्ष में अस्थायी रूप से कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। वहीं विभाग की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि दो माह के भीतर स्कूल भवन की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने कहा कि उन्होंने सीमा जोशी पचरी एवं रूखमणि बरकेलकला को जोबा स्कूल ज्वाइनिंग के आदेश दिए हैं। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि उनको शिक्षकों के ज्वाइनिंग का इंतजार है। और मरम्मत का कार्य तय समय में शुरू किया जाएगा। यदि इन दोनों में किसी भी तरह की हीला हवाला होने पर अब चक्काजाम किया जाएगा।

# देवउठनी के बाद गूंजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देवउठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों की फिर एक बार शुरूआत होने जा रही है। एकादशी के बाद नवंबर में सात और दिसंबर में कुल 10 विवाह मुहूर्त हैं, जिसमें शहनाईयों की गूंज सुनाई देगी। इस दौरान जिन वर-वधू का विवाह संपन्न होना है उन घरों में तैयारियां अंतिम चरण में है।

बता दें कि रथ यात्रा के बाद भगवान विष्णु आषाढ़ शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि को शयन करने चले जाते हैं। जिसके बाद से ही शुभ व मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। खासकर विवाह प्रयोजन नहीं होते। दीपावली के ग्यारह दिन बाद पड़ने वाले कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को प्रबोधनी व देवोत्थान एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु चार माह शयन के बाद उठते है। जिसके साथ ही शुभ व मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाती है। इस बार कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी या देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन से मांगलिक कार्य शुरू तो होंगे पर विवाह मुहूर्त 22 नवंबर से है। नवंबर में 22, 23, 24, 25, 27, 29 और 30 को शादी का मुहूर्त है। वहीं दिसंबर में मात्र 4, 5 और 6 तारीख को विवाह मुहूर्त है। इधर, उक्त मुहूर्त में जिन घरों में शादी होनी है वहां तैयारियाँ अंतिम चरण में है। शादी के लिए हॉल, हलवाई, बैंड, गाड़ी की तो बुकिंग पहले हो चुकी है पर कपड़े, आभूषण व अन्य खरीदारी के लिए इन दिनों बाजारों में फिर रौनक है।

### जनवरी में नहीं, फरवरी में फिर मुहूर्त

हिंदू पंचाग के अनुसार इस साल नवंबर से मार्च तक विवाह के 18 मुहूर्त हैं। नवंबर और दिसंबर के बाद जनवरी 2026 में शादी के मुहूर्त नहीं है। इसके बाद फरवरी में 5, 10, 20 व 21 को और मार्च में 9, 10, 11 और 12 को विवाह मुहूर्त है।

# जिले में 26 औषधि प्रतिष्ठानों पर की गई कार्रवाई 12 औषधि प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में औषधि प्रशासन महासमुंद द्वारा जिलेभर में औषधि प्रतिष्ठानों पर जांच एवं कार्रवाई की गई है। उपसंचालक डॉ. आई नागेश्वर राव एवं सहायक औषधि नियंत्रक तृप्ति जैन के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में 01 जनवरी से 29 अक्टूबर 2025 तक जिले के सभी पांच विकासखंडों महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली में संचालित औषधि प्रतिष्ठानों से कुल 59 औषधि नमूने संकलित किए गए। इनमें से 33 नमूने मानक, 01 नमूना अवमानक पाया गया है, जबकि 25 नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है। साथ ही औषधि प्रतिष्ठानों के औषधि क्रय-विक्रय, अभिलेख एवं रजिस्टर की गहन जांच की गई। जांच के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 26 औषधि प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गई है। इनमें से स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों के क्रय-विक्रय में अनियमितता के कारण 12 औषधि प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति निलंबित की गई। 03 प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति निरस्त की गई, 02 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर कार्यवाही प्रचलन में है। इसके अलावा अन्य उल्लंघनों के चलते 06 प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति निलंबित, 02 को चेतावनी पत्र जारी तथा 01 प्रतिष्ठान के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर जांच जारी है।

औषधि प्रशासन ने सभी मेडिकल संचालकों को चिकित्सक की पर्ची के बिना स्वापक एवं मनः प्रभावी दवाएं तथा कफ सिरप न बेचने के सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## जलाराम जंयती पर निकली भव्य शोभायात्रा





**महासमुंद।** नगर में गुजराती समाज ने जलाराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली। भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जयकारों से शहर गूंज उठा। शोभायात्रा में धार्मिक भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम दिखा।

## सिरपुर जंगल में 159 पेड़ों की अवैध कटाई, शासन को हजारों का नुकसान

# मांझी सेना के 23 सदस्य गिरफ्तार, कोर्ट में किए पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम बारनवापारा परियोजना मंडल रायपुर के सिरपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत 159 मिश्रित पेड़ों की अवैध कटाई और लगभग 2.33 हेक्टेयर वन भूमि पर साफ-सफाई कर मेड़ बनाने के गंभीर आरोप में वन विकास अमला ने मांझी सेना के 23 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में 20 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं।

बता दें कि वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 80, जो कि आरक्षित वन क्षेत्र है, में यह अवैध कटाई और अतिक्रमण का मामला सामने आया है। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी के अनुसार, रायकेरा के कुछ लोगों ने अवैध रूप से मिश्रित पौधों को काटा और बड़े क्षेत्र को साफ करके मेड़ बना लिया। निगम अमले ने पहले इन लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं मानने पर यह कानूनी कार्रवाई की गई। यह भी उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार महिलाओं में से कुछ पंच, मितानिन और आंगनबाड़ी सहायिका जैसी महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं, जो इस मामले को और भी संवेदनशील बनाता है। यह घटना जंगल और जमीन पर आजीविका के लिए निर्भर स्थानीय लोगों और वन विभाग के बीच के वर्षों पुराने संघर्ष को एक बार फिर उजागर करती है।



### गिरफ्तार लोगों का पक्ष और कानूनी कार्रवाई

वन विकास निगम ने अवैध कटाई से शासन को 23,562 रुपए का नुकसान होने का आकलन किया है। इसी कड़ी में सभी 23 गिरफ्तार आरोपियों को प्रकरण बनाकर बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं, गिरफ्तार मांझी सेना के लोगों का पक्ष अलग है। उनका कहना है कि उन्होंने किसी भी तरह से पेड़ों की कटाई नहीं की है। उनका दावा है कि उन्होंने केवल अपने बच्चों के लिए छोटे-छोटे झाड़-झंखाड़ साफ कर खेती के लिए मेड़ बनाए हैं और फलदार पौधे लगाए हैं।

### मोंथा चक्रवात का जिले पर असर, किसानों की चिंता बढ़ी

**महासमुंद।** बंगाल की खाड़ी में उठे प्रबल चक्रवात 'मोंथा' के कारण जिले का मौसम अचानक और तेजी से बदल गया है। बुधवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और शाम होते-होते तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो गई। मौसम के इस अचानक बदलाव ने जिले के किसानों की चिंता को कई गुना बढ़ा दिया है, क्योंकि इस समय धान की कटाई का काम अपने चरण में है।

मौसम विभाग ने जिले सहित प्रदेश के अनेक स्थानों पर 31 अक्टूबर तक हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। साथ ही, जिले में एक या दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने की आशंका भी है। मौसमी तंत्र के प्रभाव से हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रहने की संभावना है। हालांकि, चक्रवात तट पार करते समय 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है, जिसका असर आंतरिक हिस्सों में तेज हवा के रूप में देखने को मिलेगा।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज से मिले नपाध्यक्ष साहू



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज से सौजन्य भेंट किया। इस दौरान साहू ने प्रदेश अध्यक्ष को नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों व अन्य विषयों की जानकारी दी। इस अवसर पर शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, आर्यन गिलहरे आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### ताम्रकार समाज ने मनाई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

**रायपुर।** ताम्रकार समाज द्वारा पुरानी बस्ती स्थित नागरी दास मंदिर के प्रांगण में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था और विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में समाज की समस्त महिलाएं, बच्चे, युवा और वरिष्ठ एक साथ शामिल हुए। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष धीरज ताम्रकार व प्रसार प्रचार पदाधिकारी प्रफुल्ल कुमार ताम्रकार ने बताया कि सहस्त्रबाहु जी की जयंती का आयोजन ताम्रकार समाज छत्तीसगढ़ में लगभग विगत 5 दशक से निरंतरता से किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में अनेक प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता हैं, इस कार्यक्रम में वरिष्ठजनों एवं उपलब्धि प्राप्त लोगों का सम्मान भी किया गया। यह कार्यक्रम समाज के प्रत्येक को एकसूत्र में पिरोए रखता हैं।

### मोदी की गारंटी को लागू करने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने बुधवार को सौहार्दपूर्ण माहौल में रायपुर कलेक्टर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में की गई "मोदी की गारंटी" के तहत कर्मचारियों एवं पेंशनर्स से किए गए वादों को शीघ्र लागू करने की मांग की गई। इस मौके पर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पंकज नायक और प्रांतीय महामंत्री उमेश मुदलियार समेत उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि दो वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक इन गारंटियों पर कार्यवाही नहीं हुई है।

### नेशनल कराते स्पर्धा में मानसी ने जीता सिल्वर मेडल



**रायपुर।** भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 में 25 से 26 अक्टूबर तक आयोजित ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप का सफल आयोजन छत्तीसगढ़ फीनिक्स शितो-र्यू कराटे-डो एसोसिएशन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रायपुर की खिलाड़ी मानसी तांडी ने 45 किलो वेट कैटेगरी में भाग लेते हुए कुमिते कराते (लड़ाकू स्पर्धा) में सिल्वर मेडल, और काता स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। यह उनका पहला नेशनल स्तर का प्रदर्शन था, जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, कोच एवं शहर का नाम रोशन किया।

# नियम बदले बिना 108 संजीवनी सेवा का तीसरा टेंडर भी विवादों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाली 108 संजीवनी सेवा के लिए नई ठेका एजेंसी तय करने की प्रक्रिया विवादों से बाहर नहीं आ पा रही है। दो निविदा के निरस्त होने के कारणों से सीख लिए बिना सीजीएमएससी ने तीसरा टेंडर जारी कर दिया। नियमों की जटिलता की वजह से एकमात्र कंपनी निविदा में शामिल हो सकी, जिसे पात्र किए जाने के आरोपों से सीजीएमएससी के अफसर घिर हुए हैं।

- सीजीएमएससी ने निरस्त हुई दो निविदाओं से नहीं ली सीख

हरिभूमि फॉलोअप

जानकारी के अनुसार दवा निगम द्वारा 24 सितंबर को जारी निविदा पुरानी शर्तों के आधार पर ही जारी कर दिया। प्री-बिड में शामिल संस्थाओं ने आपत्ति लगाई, जिसे अफसरों ने नजरअंदाज कर दिया। 16 अक्टूबर को अंतिम तारीख के दौरान स्पष्ट हुआ कि इसमें उसी कंपनी ने टेंडर जमा किया है, जिसे अफसरों की पसंदीदा संस्था बताई गई है, जिसे संचालन का जिम्मा दिए जाने की तैयारी है। इस टेंडर के बाद निविदा प्रक्रिया पर ही सवाल खड़ा किया जा रहा है। स्थानीय कंपनियों ने आरोप लगाया गया है कि बार-बार निविदा रद्द होने से शासन के खजाने का दुरुपयोग हो रहा है।

प्रत्येक निविदा प्रक्रिया में आरपीएफ तैयार करने, प्रकाशन, प्री-बिड मीटिंग आयोजित करने और मूल्यांकन के लिए लाखों रुपये खर्च होता है। इस हिसाब से इन तीन निविदाओं में दवा कार्पोरेशन ने 2-3 करोड़ का खर्च किया है। लगातार दो टेंडरों में नाकामी मिलने के बाद तीसरी बार में उसी नियम शर्तों पर पसंदीदा कंपनी को दिए जाने का आरोप लग रहा है।

## एक ही कंपनी टेंडर में शामिल

### नियम ऐसा कि स्थानीय कंपनी अपात्र

सूत्रों के अनुसार टेंडर में कंपनी तय करने के लिए ऐसा नियम बनाया गया है जिसमें स्थानीय कंपनियां अपात्र हो रही है। अंकों के आधार पर कंपनी को योग्य मानने के लिए की जाने वाली गणना में एक ही कंपनी पात्र हो रही है। पिछले दो टेंडरों में भी एक ही कंपनी सर्वोच्च अंक के साथ टेंडर हासिल करने की प्रबल दावेदार बनी थी। हालांकि बाद भी दवा निगम ने प्रक्रिया पर उठाए जाने वाले सवाल के बाद टेंडर को रद्द कर दिया था।



### दूसरी बार में अनुभव में बदलाव

*दूसरी निविदा में अनुभव के नियम में बदलाव किया गया। इस बार प्रत्येक वर्ष पर एक अंक का नियम बनाया गया। निविदा में शामिल होने वाली अन्य कंपनियों के पांच-छह साल से ज्यादा का अनुभव नहीं था। जबकि विशेष कंपनी इसके लिए दस साल का अनुभव रखती थी। कंपनी को टेंडर दिलाने में सीजीएमएससी के साथ कुछ जनप्रतिनिधियों की दिलचस्पी भी थी। पहली निविदा में 150 करोड़ के टर्नओवर के लिए 5 अंक और इससे अधिक के लिए 10 अंक निर्धारित थे। दूसरी निविदा में इसे बदलकर 150 करोड़ के लिए 5 अंक और 200 करोड़ से अधिक के लिए 10 अंक कर दिया गया जो पसंदीदा कंपनी का टर्नओवर था।*

## खाद्य सामग्री की क्वालिटी भी खराब मिली

# आंगनबाड़ी जोरा में 23 में एक भी बच्चा नहीं मिला

**पोषक आहार की सामग्री एवं बर्तन भी खराब पाए गए, साथ ही साफ-सफाई का अभाव भी मिला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दी जाने वाली खाद्य सामग्री की क्वालिटी खराब मिली, वहीं यहां दर्ज 23 बच्चों में एक भी नहीं मिला। इसका खुलासा बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा के औचक निरीक्षण में हुआ।

हरिभूमि सरोकार

अध्यक्ष सुबह 10 बजे अचानक इस केंद्र पहुंचे। इस दौरान केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया, वहीं इस केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले पोषक आहार की सामग्री एवं बर्तन भी खराब पाए गए, साथ ही साफ-सफाई का अभाव भी मिला। अध्यक्ष ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की ब्लॉक अधिकारी को फटकार लगाई है, साथ ही दर्ज बच्चों के केंद्र में आने तथा उन्हें आहार दिया जाता है कि नहीं, इस संबंध में जांच करने के निर्देश दिए हैं।




फाइल फोटो

### आलू एवं मसाले फफूंद लगे मिले

इस निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केंद्र के रसोई रूम की व्यवस्था एवं खाद्य सामग्री तथा बर्तनों को भी देखा। इस दौरान यहां रखे आलू अंकुरित मिले तथा सब्जी के मसालों में फफूंद लगा मिला। रसोई में रखे बर्तन भी काफी गंदे मिले, जैसे उसका महीनों से इस्तेमाल ही नहीं किया गया हो। अध्यक्ष ने रसोई रूम की स्थिति को देखकर आशंका जताई है कि यहां बच्चों के लिए भोजन बनता भी है या नहीं। इसे लेकर अध्यक्ष ने ब्लॉक अधिकारी को जांच करने के लिए कहा है।

### मिडिल स्कूल में निर्धारित मात्रा से 50 प्रतिशत कम बनाया जा रहा था भोजन

*संदीप शर्मा ने सेरीखेड़ी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां बच्चों के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अध्यक्ष ने रसोई घर में बच्चों के लिए बनाए जा रहे भोजन की मात्रा की जानकारी मांगी तो पता चला कि स्कूल में 140 बच्चों के लिए भोजन बनाया जा रहा था, लेकिन चावल, दाल, सब्जी, तेल सभी की मात्रा निर्धारित मात्रा से 50 प्रतिशत कम थी। इस पर अध्यक्ष ने स्कूल के प्राचार्य से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को फटकार भी लगाई, साथ ही निर्धारित मात्रा के अनुसार भोजन बनवाने के निर्देश दिए।*

# सिंधी समाज महापंचायत की शिकायत पर क्रांति सेना के अध्यक्ष के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्रांति सेना के अध्यक्ष द्वारा अग्रवाल समाज तथा सिंधी समाज के संतों तथा महापुरुषों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने को लेकर बुधवार को सिंधी समाज के प्रमुखों ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ बुधवार को देवेंद्र नगर तथा सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। समाज की शिकायत पर देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने अमित बघेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत अपराध दर्ज किया है।

सिंधी समाज महापंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष किशोर आहूजा ने समाज की ओर से शिकायत दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया है कि अमित बघेल ने उनके समाज के लोगों को पाकिस्तानी बताते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भगवान श्री राम के वंशज महाराजा श्री अग्रसेन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। इससे उनका समाज बुरी तरह से आहत हुआ है। अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर किशोर ने सिंधी समाज द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। शिकायतकर्ताओं में सिंधी महापंचायत के अध्यक्ष अमर गिदवानी, महासचिव राधा किशन सुंदरानी सहित अन्य लोग शामिल थे। सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराने वालों में महेश दरयानी, ललित जैसिंघ सहित अन्य लोग शामिल थे।




- समाज के लोगों ने देवेंद्र नगर, सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई है शिकायत
- महापुरुषों, संतों के खिलाफ अमित बघेल पर अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप

### यह है पूरा मामला

*पिछले सप्ताह शुक्रवार को एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने वीआईपी चौक पर स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को खंडित कर दिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर सारंगढ़, पुसौर निवासी मनोज कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की नई प्रतिमा स्थापित की गई। मूर्ति खंडित किए जाने की घटना के बाद अमित बघेल ने सिंधी समाज तथा अग्रवाल समाज के संत, महापुरुषों के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की थी। इसी बात को लेकर सिंधी तथा अग्रवाल समाज के लोग भड़के हुए हैं और अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।*

### एक दिन पूर्व अग्रवाल समाज ने दर्ज कराई है शिकायत

अमित बघेल द्वारा 26 अक्टूबर को की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर अग्रवाल समाज से जुड़े समाज प्रमुखों ने एक दिन पूर्व मंगलवार को अमित बघेल के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अशोभनीय टिप्पणी करने के आरोप में अमित बघेल के खिलाफ रायपुर में अब तक दो एफआईआर दर्ज हो चुकी है। अमित बघेल के खिलाफ राज्य के अन्य जिलों में भी सिंधी तथा अग्रवाल समाज से जुड़े लोग थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंच रहे हैं।

## महिला के साथ स्नैचिंग, आरोपी अब तक नहीं पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीदारी करने निकली एक महिला ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ राजेंद्र नगर थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। महिला अपने दो बच्चों के साथ खरीदारी करने निकली थी, इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला को धक्का देकर गिरा दिया और उसके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गए। घटना पचपेड़ी नाका स्थित कलर्स मॉल के पास हुई है।

- राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शनिवार की घटना
- महिला को धक्का देकर बदमाश पर्स छीनकर भागे

कमल विहार निवासी विजय रंजन ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह खरीदारी कर वापस घर जा रही थी। इस दौरान दो बदमाश महिला के करीब पहुंचे और उसे धक्का देकर गिरा दिया। महिला के गिरने पर बदमाश उसके हाथ में रखा पर्स लूटकर भाग गए। पर्स में कैश 10 हजार रुपए तथा एक मोबाइल था। गिरने पर महिला की दांई आंख के नीचे, बाएं हाथ और घुटने में चोट आई है। घटना के समय महिला के साथ उसका बेटा तथा बेटी साथ थे। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की, लेकिन अब तक बदमाशों का पता नहीं चल पाया है।

## दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन सीएम हाउस घेरने निकले पुलिस ने रोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ के आव्हान पर दिव्यांग संघ के सदस्य बुधवार को अपनी दर्जनभर लंबित मांगों को लेकर जयस्तंभ चौक से मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए निकले। इस दौरान नगर घड़ी चौक के पास पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोक लिया। स्पॉट पर प्रदर्शनकारियों से अधिक संख्या में पुलिस मौजूद रही। प्रदर्शनकारी दिव्यांग महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल करने, कोरोनाकाल में दिव्यांगों द्वारा लिए गए ऋण का ब्याज माफ करने और बिना गारंटी लोन लेने की सुविधा देने की मांग कर रहे थे। इसके साथ ही नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने की मांग शामिल है।

- दिव्यांग महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल करने की मांग

# कौशल सहिस की मौत के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**छग घासी घसिया सहिस सारथी एवं छग सर्व अजा समाज ने सिटी कोतवाली में सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

29 अक्टूबर 2025 को स्व. कौशल सहिस ग्राम मोहबा थाना बागबाहरा के साथ हुए घटना को लेकर छग घासी घसिया सहिस सारथी कल्याण समिति समाज जिला इकाई महासमुंद एवं छग सर्व अनुसूचित जाति समाज महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली महासमुंद से मुलाकात कर घटना की त्वरित कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ दोषियों पर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

बता दें कि मृतक कौशल सहिस की माता एवं उनके सुपुत्र द्वारा समाज को बताए अनुसार घटना 28 अक्टूबर की है। मृतक को केबल तार चोरी करने शक के आधार पर ग्राम पटेरापाली थाना महासमुंद में ग्रामीणजन बंधक बनाकर मारपीट किए। उसके बाद दूसरे दिन पतेरापाली के मुक्तिधाम के पास कौशल सहिस का मृत शरीर लावारिस रूप में मिला। जिसकी सूचना सिटी कोतवाली को दी गई। पुलिस ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया गया गया है। उक्त घटना के दोषी पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। जबकि, प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है। इस घटना को प्रमुखता से ध्यान में लाने व समाज को सहयोग करने वाले सर्व अजा समाज जिला महासमुंद ने संयुक्त रूप से पुलिस प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र कार्रवाई करते हुए दोषियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, जिससे मृतक कौशल सहिस के परिवार को न्याय मिल सके। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर समाज द्वारा आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान केआर सागर प्रांताध्यक्ष, तुलेंद्र सागर जिलाध्यक्ष, तेज कुमार सारथी प्रांतीय अध्यक्ष युवा ब्रिगेड, शिव शाहनी संरक्षक युवा ब्रिगेड, रेखराम बघेल जिलाध्यक्ष सर्व अजा समाज, विजय बंजारे जिलाध्यक्ष प्रगतिशील सतनामी समाज, दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव प्रगतिशील सतनामी समाज, अनिल ढीढी उपाध्यक्ष अजाक्स एवं सतनामी समाज के सदस्यगण सुनील सोनवानी, तारा बाई साहनी, अजय साहनी, रवि साहनी, सुनील सारथी, मनोहर साहनी, देवेंद्र साहनी, चेतन सहिस आदि मौजूद रहे।



# 2 साल बाद भी मोदी गारंटी लागू नहीं, बिफरे कर्मचारियों ने जिला मुख्यालयों में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव पूर्व प्रदेश के कर्मचारियों की मांगों को मोदी गारंटी के रूप में शामिल किया गया, पर 2 वर्ष के कार्यकाल के बाद भी मोदी की गारंटी लागू नहीं हुई है। इस बात से बिफरे सरकारी कर्मचारियों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवास पूर्व प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष पवन शर्मा एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव के आव्हान पर प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन करने कर्मचारी सड़क पर उतरे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टरों के माध्यम से प्रेषित किया गया। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के सामने कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी लागू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जिसमें में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा एवं रायपुर जिला शाखा अध्यक्ष रामचंद्र टांडी ने बताया कि कलेक्टर रायपुर को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। श्री झा ने कहा कि मोदी की गारंटी में प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, पंचायत कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने, केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता एवं पेंशनरों को महंगाई राहत देने, समय मान वेतनमान एवं पदोन्नति प्रदान करने, अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, आंगनबाड़ी, मितानिन, कोटवार स्कूल सफाई कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने के वादे पूरा करने की मांग शामिल है।




# सड़क पर आवारा पशुओं का विचरण रोकने अब संशोधित एसओपी, शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरी इलाकों की सड़कों पर दिन रात विचरण करने वाले आवारा घुमंतू पशु सड़क पर चलने वाले लोगों और वाहनों के लिए भारी परेशानी और जानलेवा खतरे की वजह बनते जा रहे हैं। इस खतरे से सुरक्षा के लिए सरकार के परिवहन विभाग ने एसओपी भी जारी कर रखा है। अब सरकार ने इस एसओपी) स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर में और बदलाव किया है, ताकि लोगों को सड़क पर सुरक्षा मिल सके।

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को संशोधित एसओपी से अवगत कराते हुए उसका पालन करने के निर्देश दिए हैं।



- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया निर्देश
- सड़क पर मवेशी दिखे तो टोल फ्री नंबर पर दें सूचना

**तय होगा जोखिम क्षेत्र :** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि नगरीय क्षेत्रों में उच्च जोखिम क्षेत्र एवं सामान्य जोखिम क्षेत्र की मैपिंग कर आवारा पशुओं को गौ-शाला, गो-अभ्यारण्य और कांजी हाउस, गौठान मे काउ-कंचर के माध्यम से विस्थापित किया जाएष आवारा, घुमंतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर स्थापित करने के बाद पशु मालिकों को सूचित कर मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आवारा पशुओं को पशु पालन विभाग के माध्यम से रेडियम स्ट्रिप लगाएं।

### हर महीने चलाएं विशेष अभियान

यह भी कहा गया है कि आवारा/घुमंतु पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक माह का विशेष अभियान (दिन और रात) को चलाया जाना सुनिश्चित करें तथा अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए कार्यवाही से संचालनालय को अवगत कराया जाए। यह विशेष अभियान नगरीय निकाय क्षेत्रों के अतिरिक्त आस-पास के 10-15 कि.मी. की परिधि में ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ग्राम पंचायतों की सहमति एवं समन्वय से कार्यवाही की जाए।

### शिकायत के लिए अब टोल फ्री नंबर भी

आवारा, घुमंतू पशुओं से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु टोल फ्री नंबर 1033 (एनएचएआई). एवं नगरीय निकाय हेतु निदान 1100 का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में निगरानी दल को अवगत करावें एवं उक्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा नियमित रूप से किया जायें।

**खबर संक्षेप**

### महिला वॉलीबॉल टीम ने स्पर्धा में दिखाया दमखम

**भानुप्रतापपुर।** आगामी सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय की महिला वॉलीबॉल टीम का गठन किया गया है। आयोजित प्रतियोगिता शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर में 29 से 30 अक्टूबर तक किया गया था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि छात्राएँ खेल भावना एवं अनुशासन के साथ खेलें और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। वहीं क्रीड़ा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि मेहनत, एकता और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने भी टीम को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की। टीम के गठन से छात्राओं में उत्साह और जोश का वातावरण व्याप्त है। सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर महाविद्यालय को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### कन्या हाईस्कूल का प्राचार्य सदे सिंह ने चार्ज लिया

**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर के प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी रहे सदे सिंह कोमरे का सरकार ने स्थांतरण विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत शासकीय कन्या हाई स्कूल दुर्गुकोंदल में प्राचार्य के पद पर किया। स्थांतरण के उपरांत उन्होने प्राचार्य की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पगुच्छ एवं आत्मीय भाव से उनका अभिनंदन किया। स्वागत के पश्चात प्राचार्य सदेसिह कोमरे ने कहा कि यह उनके लिए सम्मान एवं हर्ष का विषय है कि उन्हें फिर से उसी क्षेत्र में शिक्षा सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है जहाँ वे पूर्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल में कार्यरत रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय छात्राओं के भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है।

**आयोजन : विकासखंड स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता हुई**

# हर प्रतियोगिता से कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है: स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान और गणित में विद्यार्थियों का रुचि बढ़ाने व संपूर्ण विकास खंड में गणित व विज्ञान जैसे विषय का सकारात्मक माहौल तैयार करने के लिए विकासखंड स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया किया गया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को समापन समारोह एवं इनाम वितरण के मुख्य अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, बीआरसी नरेश पटेल ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया।

उपस्थित छात्रो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के आसंदी से स्वप्निल ने कहा कि विद्यालय स्तर पर इस तरह का आयोजन बच्चों के उत्साहवर्धन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निहायत ही जरूरी है। हमको हर प्रतियोगिता से कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है। यह आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डड़सेना, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नरेश पटेल के मार्गदर्शन व प्रभारी प्राचार्य हायर सेकंडरी गड़बेडा नंदकुमार चौधरी व नोडल अधिकारी अरुण कुमार देवता के संयोजक में सांस्कृतिक भवन पिथौरा में किया गया। प्रतियोगिता में समन्वयक संघ के अध्यक्ष शिशुपाल प्रधान राजाराम पटेल, प्रशांत कुमार निर्मलकर, विजय प्रधान, जयराम पटेल, प्रदीप कुमार कर, हेमलता साहू, जीतेश्वरी साहू, अशोक साहू, प्रकाश कुमार साहू, राजेंद्र मारकंडे, टेक राम निषाद द्वारा निर्णायक की मजे हुए भूमिका निभाई गई। जबकि, संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी के रूप में बालाराम दीवान, खड़ेश्वर डड़सेना, अशोक पटेल, नितेश साहू, विक्रम वर्मा की भूमिका सराहनीय रही। प्रतियोगिता बच्चों को दो समूह में बांटकर किया गया। पहला प्रारंभिक स्तर जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चे सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम स्थान पर भस्करापाली संकुल से जान्हवी व प्रियांशी द्वितीय ढोढरकसा संकुल से रोहन व हेमा तृतीय स्थान जबलपुर संकुल से निक्की, दिव्यांशु। वहीं हाई, हायर सेकंडरी स्तर में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चे सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम संकुल घोच से करिश्मा, गिरजा द्वितीय, संकुल किशनपुर से रंजन खुशबू तृतीय, संकुल परसवानी से चौलेश व तुषार रहे। आभार उद्बोधन बीआरसीसी नरेश पटेल ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार विजेता शिक्षक हेमन्त खुटे, उर्वशी बरिहा, सुरेश चौधरी, रुपदास बंजारे, चंद्रहास साहू, धनेश्वरी साहू उपस्थित थे। मंच संचालन राजाराम पटेल ने किया।

# शिवलिंग के अपमान पर सनातन समाज में उबाल, आरोपी के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

बाजार चौक झलप स्थित नर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर में बुधवार 29 अक्टूबर की सुबह एक अकल्पनीय घटना ने पूरे क्षेत्र की धार्मिक भावनाओं को झकझोर दिया। सुबह लगभग 9:50 बजे एक व्यक्ति मंदिर परिसर में पहुंचा और भगवान शिव के प्रतीक शिवलिंग को लात मारकर अपमानित किया। यह पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से कैद हो गई है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि आरोपी स्कूटी से मंदिर पहुंचा और भगवान का अपमान करते हुए शिवलिंग पर लात मारी। उस समय मंदिर में श्रद्धालु धरमीन बाई यादव पूजा-पाठ में लीन थीं, जिन्होंने यह सब अपनी आंखों से देखा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान पचरी निवासी झुमुक लाल सिन्हा के रूप में की गई। घटना की जानकारी मिलते ही झलपवासियों और सनातन समाज के लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग पटेवा थाने पहुंचे और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

इधर, जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ है। बताया गया कि घटना के बाद वह अपने गांव पचरी में बिना कपड़ों के घूमता दिखाई दिया, जिससे उसके मानसिक संतुलन पर संदेह गहरा गया है। स्थानीय लोगों ने इस कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए कहा कि यह न केवल भगवान का अपमान है, बल्कि पूरे समाज की आस्था पर प्रहार है। लोगों ने प्रशासन से आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण कराने और साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक आरोपी की मानसिक स्थिति को देखते हुए जमानत दे दी गई है।

## उच्च शिक्षा में डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं नवाचार की संभावनाओं पर वेबिनार का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस वेबिनार का उद्देश्य उच्च शिक्षा में डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं नवाचार की संभावनाओं पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के आज के प्रभारी प्राचार्य ओमप्रकाश पटेल सहायक प्राध्यापक (भूगोल) ने किया। प्रथम दिवस के सत्र का विषय रहा एनडीएलआई की प्रायोगिक जानकारी। इस सत्र के मुख्य वक्ता अजय कुमार श्रीवास पुस्तकालयाध्यक्ष शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय थे। कार्यक्रम के संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार तथा अध्यक्षता डॉ. अनसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर संकाय सदस्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में अग्रणी महाविद्यालय से डॉ. अजय कुमार देवगन, टीकम एवं पूजा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वेबिनार के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार साहू ने किया। द्वितीय दिवस वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन की प्रायोगिक जानकारी विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया जाएगा।

## जिला सहकारी बैंक कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया कार्य, चरणबद्ध आंदोलन की दी चेतावनी



**झलप।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा झलप के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में शुक्रवार को काली पट्टी लगाकर कार्य किया। कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से वेतनवृद्धि सहित अन्य मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके चलते उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के बैनर तले यह आंदोलन चरणबद्ध रूप में किया जा रहा है। पहले चरण में कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर कार्य किया। दूसरे चरण में 3 नवंबर से कलमबंद आंदोलन किया जाएगा। वहीं 4 नवंबर को सभी कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर शाखा में विरोध प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन का अंतिम चरण 10 नवंबर को होगा, जब सभी कर्मचारी जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों ने कहा कि यदि तब भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।



### पूर्व नपा उपाध्यक्ष ने किया जलाराम बाप्पा की शोभायात्रा का स्वागत

**महासमुंद।** नगर में गुजराती समाज द्वारा संत शिरोमणि जलाराम बाप्पा की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत पूर्व नपा उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू के नेतृत्व में किया गया। साहू के नेतृत्व में सभी ने बाप्पा की पूजा कर समाज जनों को पर्व की बधाई दी। जलाराम बाप्पा ने सर्व समाज को निस्वार्थ सेवा व करुणा का संदेश दिया था। स्वागत के दौरान भरत सिंह ठाकुर, पार्षद नीरज चंद्राकर, राजेंद्र साहू, बलराम लालवानी, राजू साहू, रवि साहू, छेदी राठौर, लहरी सिंह ठाकुर, मिंदर चावला, सुनील चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, समीर चौधरी, कान्हा प्रधान, डॉ. उमेश शर्मा, राहुल लालवानी, राकेश यादव, कैलाश बघेल, विशाल मिश्रा, आयुष भोसले, नितेश पटेल, गोविंद साहू, रतन पाल, कुणाल सेन, अनिरुद्ध चंद्राकर, रामा मदानकर आदि उपस्थित थे।

## राजस्व न्यायालय में अधिवक्ता कक्ष की मांग विधायक से, तत्काल हुई व्यवस्था



**महासमुंद।** राजस्व न्यायालय में अधिवक्ता कक्ष की मांग लेकर जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के पास पहुंचे। विधायक उनकी मांग पर अधिवक्ता संघ के साथ राजस्व न्यायालय पहुंचे और एसडीएम को अधिवक्ता संघ की मांगों से अवगत कराते हुए मांग पूरी करने के लिए निर्देशित किया। विधायक ने कार्यालय का निरीक्षण किया और परिसर में बने एक अतिरिक्त कक्ष को अधिवक्ता संघ के लिए उपलब्ध कराया गया। इस कार्य के लिए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक का आभार जताया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता मुन्ना साहू, संदीप घोष, श्याम साकरकर, प्रकाश शर्मा, गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, साजन यादव, पीयूष साहू, शरद राव सहित अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, सचिव नूतन साहू, कोषाध्यक्ष शिवकुमार भारद्वाज सदस्य भूपेंद्र चंद्राकर, सुरेंद्र स्वामी, ऋषभ साहू, सोमनाथ साहू, गुलशन जांगड़े, संदीप साहू, डीपी रात्रे, चंद्रहास कश्यप, धीरज सिन्हा, अखिलेश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए किया गया पारिवारिक मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



हिंदू सनातन धर्म में प्रकृति की पूजा का विशेष महत्व हमारे शास्त्रों में वर्णित है। देवी-देवताओं के साथ-साथ पशु-पक्षी, पेड़-पौधे आदि की पूजा करने की परंपरा हमारे धर्म में सदियों से चली आ रही है। इसी भाव को जीवंत करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं थानेश्वर मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में पारिवारिक मिलन एवं वन भोज कार्यक्रम का आयोजन पिथौरा के समीप किशनपुर नर्सरी में किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न परिवारों के सदस्य एकत्र होकर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया तथा पारिवारिक खेलों का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा आंवला पौधे की पूजा और नारायण भगवान की आरती से हुई। पश्चात भगवान को खीर, पूड़ी एवं सब्जी का भोग लगाकर सभी उपस्थित जनों को सात्विक भोजन परोसा गया। कार्यक्रम में धर्मग्रंथों में वर्णित पेड़-पौधों की महिमा पर प्रकाश डाला गया जैसे वट सावित्री व्रत में बरगद का पूजन, अमावस्या पर नीम की पूजा, घरों में तुलसी माता की आराधना और अक्षय नवमी पर आंवला पूजन का महत्व। वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधों में देवत्व का वास है और यही हमें शुद्ध वायु प्रदान कर जीवन को संजीवनी देते हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संदेश दिया कि प्रत्येक परिवार को वर्ष में कम से कम एक बार प्रकृति की गोद में भोजन अवश्य करना चाहिए। ताकि नई पीढ़ी भी प्रकृति के प्रति आभार और सम्मान का भाव सीख सके। कार्यक्रम में पंडित कृष्ण कुमार शर्मा, अनूप दीक्षित, जसवीर अजमानी, पत्रकार राजा बाबू उपाध्याय सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिथौरा के स्वयंसेवक, महिला सदस्य और बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। वातावरण धार्मिक भक्ति और पारिवारिक सौहार्द से ओतप्रोत रहा।



## छात्रावास में छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के तत्वावधान में जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालय के न्यायाधीशों के द्वारा स्कूल कालेज, छात्रावास तथा पंचायतों में जाकर शिविर के माध्मय से छात्राओं एवं नागरिकों को अलग अलग कानून के विषयों पर आधारित सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो ने बताया कि प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी द्वारा बीटीआई रोड स्थित अनुसूचित जाति जनजाति बालक प्री मैट्रिक छात्रावास में छात्रों को विभिन्न विषयों से संबंधित जैसे टोनही प्रताड़ना अधिनियम, यातायात अधिनियम, बालकों का देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम, पाक्सों एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) तथा मोबाइल एवं साइबर से सर्तकता की जानकारी के साथ-साथ छात्राओं द्वारा उत्सुकता से पूछे गए प्रश्नों पर जानकारी दी गई। इसके अलावा महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों से संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए गए वाले सलाह एवं सहायता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 39 में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है। गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है।

### चंडीगढ़ एवं देहरादून भ्रमण के लिए जिले से 40 आदिवासी बच्चे रवाना

**कांकेर।** आदिवासी समाज के बच्चों को देश की विविध संस्कृति और जीवनशैली से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए 30 अक्टूबर को कांकेर से 40 आदिवासी बच्चों का दल 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान चंडीगढ़ एवं देहरादून भ्रमण कार्यक्रम के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को देश के अन्य हिस्सों की संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों से अवगत कराना है, ताकि उनमें आपसी एकता, सहयोग और राष्ट्रीय एकात्मता की भावना को सुदृढ़ किया जा सके। इस यात्रा से बच्चों को न केवल नई जगहों का अनुभव मिलेगा।

# माहभर से थानेदार विहीन है पटेवा थाना प्रशिक्षण केंद्र से हो रहा संचालन : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के पटेवा थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर एक गंभीर संकट मंडरा रहा है। पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया है कि पटेवा थाना विगत एक महीने से बिना विधिवत थानेदार (टीआई) के संचालित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि थाने के टीआई सरकारी आदेश पर चंदखुरी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण के लिए गए हैं, लेकिन उन्होंने नियमानुसार किसी को थाने का चार्ज नहीं दिया है और वहीं प्रशिक्षण केंद्र से ही बैठकर थाने का संचालन कर रहे हैं। डॉ. चोपड़ा ने इसे प्रशासन के नियमों की खुली अनदेखी और एक गंभीर लापरवाही करार दिया है।

विज्ञप्ति जारी करते हुए डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि उन्हें सूत्रों से जानकारी मिली है कि टीआई प्रशिक्षण के लिए गए हैं, जिसकी संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करके उन्हें यहां से रिलीज़ किया गया होगा। इसके बावजूद, उन्होंने किसी अधीनस्थ अधिकारी को थाने का चार्ज नहीं दिया। डॉ. चोपड़ा ने जोर देकर कहा कि इस प्रकार का लगभग यह पहला मामला है जो प्रदेश में होगा, कि कोई थानेदार विगत एक महीने से शासन के आदेश के बाद पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में गया है और उसने अपने थाने का चार्ज किसी को नहीं दिया और प्रशिक्षण केंद्र में रहकर थाने का संचालन कर रहा है। ₹ उन्होंने इसे एक बड़ा गंभीर मामला बताया, जो अधिकारियों की घोर मनमानी को दर्शाता है।

डॉ. चोपड़ा ने बताया कि थानेदार की इस लापरवाही से क्षेत्र की आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि एक महीने से बिना टीआई के चल रहे इस थाना क्षेत्र में अनेक लापरवाहियां बरती गई हैं। आम जनता द्वारा फोन लगाने या थाना जाने पर टीआई की अनुपस्थिति में कोई उचित जवाब नहीं मिल पाता है, जिसके कारण लोगों की परेशानियाँ बढ़ रही हैं और उन्हें निराशा हाथ लग रही है। डॉ. चोपड़ा ने आशंका जताई कि टीआई की गैर-मौजूदगी और इस प्रकार के अनौपचारिक संचालन के चलते पटेवा क्षेत्र में कभी भी कानून व्यवस्था का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। डॉ. विमल चोपड़ा ने इस पूरे प्रकरण को शासन की छवि धूमिल करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि वह इस प्रकार के थानेदार की लापरवाही और अधिकारियों की मनमानी की शिकायत शीघ्र ही प्रदेश के गृह मंत्री से मिलकर करेंगे। डॉ. चोपड़ा ने मांग की है कि पटेवा थाने में तुरंत एक पूर्णकालिक और जिम्मेदार टीआई की नियुक्ति की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले वर्तमान थानेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

## 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा आयुष्मान वय वंदना कार्ड का लाभ

**महासमुंद।** शासन की जनकल्याणकारी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य सहायता लाभ प्राप्त होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई. नागेश्वर राव ने बताया कि पूर्व में वरिष्ठ नागरिकों को उनके परिवार के राशन कार्ड श्रेणी के आधार पर स्वास्थ्य सहायता दी जाती थी, जिसमें बीपीएल परिवारों को 5 लाख रुपये तक तथा एपीएल परिवारों को 50 हजार रुपए तक की सुविधा उपलब्ध थी। अब इस नई व्यवस्था में सभी वर्गों के वरिष्ठ नागरिक समान रूप से 5 लाख रुपए तक के स्वास्थ्य सहायता के पात्र होंगे। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से पात्र वरिष्ठ नागरिकों को राज्य शासन द्वारा पंजीकृत अस्पतालों में निःशुल्क उपचार सुविधा प्राप्त होगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राही की आयु ही पात्रता का आधार होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिन वरिष्ठ नागरिकों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है, उन्हें भी इस नई योजना के अंतर्गत पुनः पंजीयन कराना होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अपना आधार कार्ड लेकर अपने निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीयन कराएं और आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाएं। जानकारी या सहायता के लिए नागरिक टोल फ्री नंबर 104 पर संपर्क कर सकते हैं।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में देवांश का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल के छात्र देवांश दास महंत पिता नरेश दास महंत ने क्रिकेट प्रतियोगिता में जिला एवं संभाग से जीत हासिल कर राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में वर्चस्व स्थापित किया। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता क्रिकेट 14वर्ष अंडर बालक वर्ग संभाग स्तरीय क्रिकेट आयोजित स्थल माना एयरपोर्ट ग्राउंड रायपुर में हुआ। रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार इन पांचों जिला के खिलाड़ियों के मध्य अपना बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बने। खिलाड़ी देवांश अंबिकापुर जिला सरगुजा के क्रिकेट ओवल पिच पर प्रदर्शन करेंगे। छात्र देवांश के इस सुअवसर उपलब्धि के लिए संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी पींचा, खेल प्रशिक्षक जगदीश धीवर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

### शोभायात्रा का तुषार ने किया स्वागत

**महासमुंद।** गुजराती समाज द्वारा जलाराम जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने नगर में पारंपरिक तरीके से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का स्थानीय लोहिया चौक में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू द्वारा फूल माला से स्वागत किया। तुषार ने गुजराती समाज के लोगों से मिलकर जलाराम जयंती की बधाई दी। नगर में इस कार्यक्रम की चर्चा रही। गुजराती समाज के पुरुष, महिलाएं व बच्चों ने गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ नगर में धूमधाम से जयंती मनाई।

**राजनीति:** जिले के बलौदा क्षेत्र में तीन युवकों की आकस्मिक मृत्यु का मामला गरमाया

# जहरीली शराब से नहीं बल्कि स्वाभाविक मौत पर राजनीति कर रहीं विधायक नंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

जिले के बलौदा क्षेत्र में तीन युवकों की

■ भाजपा नेताओं ने कांग्रेस विधायक के बयान को गैर जिम्मेदाराना, किया संयुक्त खंडन

आकस्मिक मृत्यु को लेकर कांग्रेस द्वारा लगातार फैलाए जा रहे "जहरीली शराब" के दावे को भाजपा नेताओं ने पूरी तरह से असत्य, भ्रामक और राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा है कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि वर्तमान विधायक चातुरी नंद जैसी जिम्मेदार सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा बिना किसी चिकित्सा या जांच आधारित रिपोर्ट के अफवाहें फैलाई जा रही है। भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व



महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उपवेजा और मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी ने संयुक्त प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि यह मामला पूरी तरह राजनीतिक और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उपवेजा ने कहा अब तक की सभी रिपोर्टें यह साबित करती हैं कि कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने में लगी है। विपक्ष अफवाहों के सहारे सरकार की छवि धूमिल करने का असफल प्रयास कर रहा है। प्रदेश प्रभारी भाजपा महिला मोर्चा व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने कहा कि कांग्रेस और विधायक चातुरी नंद द्वारा दिया गया बयान पूरी तरह गैरजिम्मेदाराना है। बिना सत्यापन के इस तरह के बयान न केवल मृतकों के परिवार के प्रति असंवेदनशील हैं, बल्कि प्रशासनिक जांच को भी प्रभावित करने का प्रयास हैं।

**मृत्यु प्रमाण पत्र से स्पष्ट हुई सच्चाई**

भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी ने बताया कि तीनों मृतकों के मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत बलौदा से जारी किए जा चुके हैं। इनमें से एक व्यक्ति का प्रमाण पत्र श्री बालाजी हॉस्पिटल, रायपुर से प्राप्त हुआ है, जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि मृत्यु हृदय गति रुकने से हुई है। बाकी दो मृतकों के प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत बलौदा द्वारा जारी किए गए हैं, जिनमें किसी भी प्रकार की 'जहरीली शराब सेवन' की पुष्टि नहीं है। तांडी ने आगे कहा कि यदि यह सचमुच जहरीली शराब से मौत होती, तो प्रशासन द्वारा तत्काल पोस्टमार्टम जरूर करवाया जाता। लेकिन, किसी भी मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हुआ। जिससे साफ है कि यह मामला स्वास्थ्यगत कारणों से हुई स्वाभाविक मृत्यु है।





### महाविद्यालय में मोल डे पर पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन एवं शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष -रसायन शास्त्र एवं आईक्यूएसी प्रभारी) के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एवं पीतांबर बाघ के अगुवाई में रसायन शास्त्र विभाग में मोल डे पर पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्बोधन की कड़ी में विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने कहा कि रसायन विज्ञान में मोल दिवस सुबह 6.02 बजे से शाम 6.02 बजे तक मनाया जाने वाला एक अनौपचारिक अवकाश है। यह दिवस एवोगेड्रो संख्या के सम्मान में मनाया जाता है। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान और विज्ञान में अटूट संबंध होता है। यह दिन रसायन विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के लिए होता है। उन्होंने छात्रों को जीवन में सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। विभाग द्वारा ओजोन दिवस पर (वैश्विक मंच पर ओजोन परत की सार्थकता) पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य एवं विभाग अध्यक्ष के कर कमलो से पुरस्कृत किया गया। पश्चात गूगल सीट के माध्यम से कुछ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र /छात्राएं उपस्थित रहे।

## इतिहास विभाग में विभागीय सेमिनार का आयोजन, धरोहर झरोखा का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर कॉलेज के इतिहास विभाग में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष एवं मृणाली चंद्राकर के संयोजन में विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सेमिनार की प्रस्तुति पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया।



डॉ.रीता पांडेय ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों एवं महासमुंद जिले के पर्यटन संस्कृति से संबंधित विषयों को प्रोजेक्ट कार्य के अंतर्गत दिया गया। विद्यार्थियों के द्वारा स्थलों का अवलोकन कर एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार से व्यक्तिगत मिलकर स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी एकत्र कर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी प्रोजेक्ट को पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा सेमिनार में प्रस्तुत किया गया। सेमिनार पश्चात विद्यार्थियों को सभागार स्थित धरोहर झरोखा जो इतिहास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रदर्शित करने हेतु संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से बनाया गया है का अवलोकन कराया गया। साथ ही मूर्तियों के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थी महेंद्र चक्रधारी द्वारा धरोहर झरोखा हेतु टेराकोटा आर्ट का फ्लावर पार्ट प्रदान किया गया। इस सेमिनार में एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी रुपाली, चांदनी, नोमेश्वरी, हेमलता, खुशी, प्रियंका, दीपाली, लिकेश, योगेश, ललिता, यशवंत, जयेश, बिना, सागरचंद, लता, भुवनेश्वरी, पल्लवी, मनीषा, महेंद्र चक्रधारी, आकाश आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान सहस्त्रबाहु जयंती उत्सव, कलार समाज के प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भगवान विष्णु के 24 में अवतार भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती दर्शन कलार समाज बसना शहर मंडल के तत्वावधान में कलार समाज भवन टिकरापारा बसना में बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह पर्व सामाजिक उत्थान के लिए और क्षत्रिय धर्म की रक्षा की संदेश के लिए एक सनातन परंपरा के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें फुलझर परिक्षेत्र मंडलेश्वर शिव प्रसाद डड़सेना एवं बसना नगर इकाई अध्यक्ष जगदीश डड़सेना तथा डॉ



खुशबू अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत बसना ने दीप प्रज्ज्वलन आरती पूजा से कार्यक्रम की शुरुआत की। होनहार बालक बालिकाओं सहित शासकीय विभाग में उत्कृष्ट सेवा दे रहे लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति भी दी। नारी शक्ति के जय घोष के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ खुशबू अग्रवाल एवं पार्षद राकेश डड़सेना ने कार्यक्रम में भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद समाज जनो के साथ उठाया तथा कलार समाज बसना शहर मंडल द्वारा सामुदायिक भवन में शेड निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए मांग पत्र सौंपा गया। साथ ही भूतपूर्व सचिव सुशील सिन्हा, पूर्व नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष अभिमन्यु जायसवाल, डॉ गिरधारी लाल डड़सेना, लखन सिन्हा, सुरेश सिन्हा, पितराम, कुटू डड़सेना सहित दिनेश डड़सेना, गिरीश गजेंद्र, डॉ शोभा, नरेंद्र डड़सेना एवं गोपेश डड़सेना ने होनहार बच्चों एवं विभिन्न कर्मचारियों एवं वृद्धजनों का साल श्रीफल से सम्मान किया। महिला मंच प्रमुख राधा रानी डड़सेना एवं मंडलेश्वर फुलझर कलार समाज शिव प्रसाद डड़सेना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन ज्ञापित किया।

## विकासखंड स्तरीय गणित एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय गणित एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 29 अक्टूबर 2025 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए रखी गई थी, जिसे तीन चरणों मौखिक प्रश्नावली, लिखित प्रश्न परीक्षा तथा सबसे तेज़ जवाब में विभाजित किया गया था। विकासखंड महासमुंद के 38 संकुलों से कुल 152



विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम अक्षा गुप्ता थीं। विशेष अतिथियों के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, एपीसी डीएन जांगड़े, डाईट प्राचार्य प्रतिनिधि उमा गौरी शर्मा, सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, डीपीओ कमल नारायण चंद्राकर, कृषि अनुसंधान केंद्र भलेसर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. साकेत, बीईओ लीलाधर सिन्हा, प्राचार्य सेजेस हेमंत आचार्य, एबीईओ तारिक कुंजाम, हीना धालेन एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम अक्षा गुप्ता ने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और सीखने की प्रक्रिया में निरंतर सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने कहा कि गणित और विज्ञान ऐसे विषय हैं जो विद्यार्थियों में तार्किक सोच और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर प्रयोग करते हुए सीखने की अपील की।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में लता राजन, राजेश्वर चंद्राकर, चंद्रशेखर मिथिलेश, रुक्मणी साहू, भारती सोनी, सीमा जैन, स्वाति चंद्राकर एवं सोनल साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन खेमिन साहू ने किया। आयोजन में संकुल समन्वयकों अशोक साहू, नीरज साहू, आशीष साहू, गणेश राम टंडन, ईश्वर कुमार, ललित, पवन साहू, ए.चंद्रशेखर डोरा, फनेंद्र बंजारे एवं सुरेंद्र कुमार चंद्राकर ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही ब्लॉक कार्यालय से केशव साहू एवं भुनेश्वर साहू का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## सरायपाली में हुई आम आदमी पार्टी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली विधानसभा में आम आदमी पार्टी की बैठक हुई। प्रदेश के 90 विधानसभा में दौरा कार्यक्रम चल रहा है। इसमें रायपुर से पदाधिकारी उपस्थित थे। छग का अंतिम विधानसभा सरायपाली है। संगठन विस्तार के बारे में विशेष चर्चा की गई। सभी गांवों में गांव प्रमुख, ब्लाक अध्यक्ष व प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। संगठन विस्तार चर्चा में सबसे प्रमुख मुद्दा बिजली बिल का है और गांव के सड़कों की हालत भी बहुत ख़राब है। आने वाले समय में एक उचित कार्यक्रम तैयार कर वृहद आंदोलन किया जाएगा। बैठक में रायपुर जिला अध्यक्ष नवनीत नंदे, महासचिव नरेंद्र सिंह ठाकुर, महासमुंद जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, सुरेंद्र बिसेन प्रभारी महासमुंद लोकसभा, संजय यादव सचिव महासमुंद, महेश यादव अध्यक्ष लोकसभा महासमुंद,



संजय गुप्ता, मोहन साहू, मधु यादव, शिव कुमार शर्मा, आनंद गोयल सरायपाली, चमन यादव जिला अध्यक्ष गरियाबंद, हरीश कुमार पटेल यूथ जिलाध्यक्ष गरियाबंद उपस्थित रहे।

## मानव चेतना विकास का बेहतरीन विकल्प जीवन विद्याः कोकड़िया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही व

■ 1000 से अधिक लोगों को शिक्षकों ने कराया जीवन विद्या भोज

मानवीय जागृति सेवा संस्थान रायगढ़ के तत्वावधान में 1000 विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, महाविद्यालयीन छात्र -छात्राओं, गृहिणियों, कृषकों, युवक-युवतियों को चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्य शाला के माध्यम से जीवन विद्या ज्ञान से अवगत कराया गया। शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने इसका प्रबोधन करते हुए मानव के जागृति में सहायक प्रमुख बिंदुओं मानवीय मूल्यों, मानवीय स्वभाव, मानवीय संस्कार, मानवीय आहार, विहार, व्यवहार, मानवीय व्यवस्था, मानवीय परिवार, मानव-मानव संबंध व मानव-प्रकृति संबंध, आवर्तन शीलता, विश्वास, सम्मान, स्नेह, गौरव, प्रेम, प्रेरणा का श्रोत, न्याय, धर्म, सत्य, मानव का परिभाषा, हर वस्तु के उपयोग, सदुपयोग, प्रयोजन का तरीका, रुप, गुण, स्वभाव, धर्म से जानने का तरीका बताया। शिक्षक सुरेंद्र गुप्ता डूमरमूढा सरकारी स्कूल के मेहनत, संपर्क व संबंध व व्यवहार पक्ष को सबने सराहा। 600 से अधिक लोगों को अपने स्वधन से प्रतिदिन भोजन भी कराया। घर-घर जाकर प्रत्येक परिवारजनों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किए।

### कस्तूरबा गांधी आश्रम बेलसोंडा में मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कस्तूबा गांधी आश्रम एवं स्कूल बेलसोंडा में मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं मनोसामाजिक परामर्श शिविर आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में तथा उनके बीमारी के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना, अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नही लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि की जानकारी दी गई। साथ ही रोकथाम के उपाय अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखने, आपसी समन्वय स्थापित, एक दूसरे से वार्तालाप, हल्का व्यायाम, योगा अभ्यास, अपना स्वयं की सफाई, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल खेलने के लिए प्रेरित किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ वेलनेस सेंटर) बेलसोंडा के रविशंकर कन्नौजे आरएचओ एवं सरिता बार्गव सीएचओ को निर्देशित किया गया कि मानसिक स्वास्थ्य मरीजों को स्क्रीनिंग कर परामर्श देते हुए जिला अस्पताल रेफर करें। प्रतिमाह का रिपोर्ट भी करें। शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल का सहयोग रहा।

## देवरी स्कूल में "पुलिस की समाज में भूमिका" पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में बुधवार को पुलिस विभाग के सौजन्य से पुलिस की समाज में भूमिका कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोमाखान थाना प्रभारी नीतेश सिंह उपस्थित रहे। क्षेत्र के जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, सरपंच अहिल्या देवी, सरपंच प्रतिनिधि शांता साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य बिंदु पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने बताया कि विपरीत परिस्थिति में भी पुलिस के जवान अपने कर्तव्य पर डटे रहते है, इससे आम नागरिक सुरक्षित रहते है। मुख्य वक्ता थाना प्रभारी ने बताया गया कि पहले आम नागरिक को अपनी जवाबदारी समझते हुए सुधरने की आवश्यकता है। लोग नशा नहीं करे, नशे की लत से जीवन नष्ट हो सकता है। पुलिस





अपराध के रोकथाम हेतु प्रयासरत रहते है। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंचती है। अपराध कोई भी घटित हो सकता है, लेकिन सामाजिक जागरूकता से अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के दिन कार्यक्रम का समापन होगा।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में समाज में पुलिस की भूमिका पर अपने विचार रखें। नीरज बंजारे, नीलकंठ नागेश, केयूर भूषण धृतलहरे, भूमिका साहू, ट्विंकल महिलांग, योगेश्वरी साहू, पूजा साहू, धनेश्वरी सेन, मोहित सेन, विद्यालय के व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयास से ही देशी रियासतों का एकीकरण किया गया। फलस्वरूप हमें आजादी की प्राप्ति हुई।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। विद्यालय के व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, आनंद राम व्यौहार, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, रविप्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर भारतीय, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र की सरायपाली
ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत **लंबर, सिंघोड़ा, छुईपाली, बलौदा, केदुवां, नवागढ़, पालीडीह, तोरेसिंहा, तोषगांव, सिंघनपुर, सागरपाली** तथा आसपास के खाली क्षेत्र में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि अभिकर्ता सरायपाली
सुरेश कुमार गुप्ता
बस स्टैण्ड के पास, भारत वॉच सरायपाली
मो.7354219999
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969





